बन्ना गुप्ता
स्वास्थ्य मंत्री, झारखण्ड

खसरा और रूबैला टीकाकरण अभियान

दिनांक
12 अप्रैल 2023 से

हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हर घर का बच्चा टीका पाए-कोई भी बच्चा छूट ना जाए

एम.आर. सूचना कार्ड

प्रिय अभिभावक,

एक राष्ट्रव्यापी अभियान के अन्तर्गत खसरा तथा रुबैला के प्रति सुरक्षा प्रदान करने के लिए खसरा–रुबैला (एम.आर.) का एक टीका स्कूलों तथा आउटरीच सत्रों में आरम्भ किया जाएगा। यह एम.आर. टीका नियमित टीकाकरण में शामिल है। यह महत्वपूर्ण है कि इस अभियान के अन्तर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को यह टीका लगाया जाएगा, भले ही पहले उन्हें एम.आर/एम.एम.आर. का टीका दिया जा चुका हो।

मूल कारण : खसरा एवं रुबैला को खत्म करने के लिए 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को यह टीका दिया जाना अत्यावश्यक है।

खसरा :

खसरा एक जानलेवा रोग है जोकि वायरस द्वारा फैलता है। बच्चों में खसरे के कारण विकलांगता तथा असमय मृत्यु हो सकती है।

रुबैला :

रुबैला एक संक्रामक रोग है जो वायरस द्वारा फैलता है। इसके लक्षण खसरा रोग जैसे होते हैं। यह लड़के या लड़की – दोनों को संक्रमित कर सकता है। यदि कोई महिला गर्भावस्था के शुरुआती चरण में इससे संक्रमित हो जाए तो कंजेनिटल रुबैला सिंड्रोम (सी.आर.एस) हो सकता है जोकि उसके भ्रूण तथा नवजात शिशु के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

याद रखने योग्य बातें

- इस अभियान के दौरान यह टीका 9 माह से 15 वर्ष तक की उम्र के सभी बच्चों को ज़रूर लगवाया जाना चाहिए
- इसे सभी स्कूलों, सामुदायिक सत्रों, आँगनवाड़ी केन्द्रों और सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगाया जाएगा
- यदि किसी बच्चे को एम.आर/एम.एम.आर. का टीका पहले से लगाया जा चुका हो तो उसे भी यह टीका लगवाएँ
- खसरा–रुबैला का टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है एवं इसके कोई दुष्प्रभाव नहीं है।
- बच्चों को यह टीका एक प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी द्वारा लगाया जाएगा
- इस सामूहिक अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें

खसरा और रुबैला को खत्म करने के लिए झारखण्ड कृतसंकल्प है

कृपया अपने 9 माह से 15 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को खसरा–रुबैला टीकाकरण हेतु अभियान स्थल पर लेकर आएँ

टीकाकरण की अधिक जानकारी के लिए अपने ए.एन.एम., सहिया दीदी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करें।
या mrcampaignindia@gmail.com पर ई-मेल करें

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड